# यूनाइटेड किंगडम ने CPTPP पर किये हस्ताक्षर

## प्रिलिम्स के लिये:

CPTPP, ब्रेक्ज़िट, FTA, हिंद-प्रशांत क्षेत्र।

## मेन्स के लिये:


अंतर्राष्ट्रीय संधियाँ और समझौते।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में यूनाइटेड किंगडम (UK) ने वयापक एवं प्रगतिशील ट्रांस-पैसिफिक भागीदारी समझौते **(Comprehensive and Progressive Agreement for Trans-Pacific Partnership- CPTPP)** पर हस्ताक्षर किये। UK के प्रधानमंत्री ने समझौते की सफलता को "पोस्ट-ब्रेक्ज़िट फ्रीडम" के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया। इस समझौते को अब वेस्टमिंस्टर और प्रत्येक CPTPP देश द्वारा अनुसमर्थन प्रदान करने की आवश्यकता होगी।

## CPTPP:

- **परिचय:**
  - **CPTPP ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई दारुस्सलाम, कनाडा, चिली, जापान, मलेशिया, मैक्सिको, पेरू, न्यूज़ीलैंड, सिंगापुर और वियतनाम** के बीच **मुक्त व्यापार समझौता (Free Trade Agreement- FTA)** है।
  - CPTPP पर **11 देशों ने 8 मार्च, 2018 को सैंटियागो, चिली में हस्ताक्षर किये थे।**




- **पृष्ठभूमि:**
  - ब्रुनेई, चिली, न्यूज़ीलैंड और सिंगापुर सहित पैसिफिक रिम देशों के एक छोटे समूह द्वारा वर्ष 2005 में हस्ताक्षरित व्यापार समझौते के परिणामस्वरूप **ट्रांस-पैसिफिक भागीदारी (Trans Pacific Partnership- TPP) का निर्माण हुआ, जिसमें अब 12 राष्ट्र-राज्य शामिल हैं।**
  - संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर निकलने के बाद, **शेष ग्यारह हस्ताक्षरकर्त्ता देश जिन्हें TPP-11 के रूप में जाना जाता है,** ने वार्ता जारी रखी और परिणामस्वरूप **CPTPP का निर्माण हुआ।**
- **महत्त्व:**
  - CPTPP मूल TPP की तरह ही वस्तुओं और सेवाओं से 99% टैरिफ हटाता है, सभी सदस्य देशों ने **वन्यजीवों की तस्करी में कमी लाने** पर सहमति व्यक्त की है। इससे हाथी, गैंडे और समुद्री प्रजातियाँ लाभान्वित होती हैं।
  - यह पर्यावरण के दुरुपयोग को रोकता है, जैसे कि अस्थिर लॉगिंग और मत्स्यपालन आदि। इसका अनुपालन न करने वाले देशों को व्यापार शुल्क का सामना करना पड़ेगा।

**नोट:** CPTPP के सभी 11 देश **एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (Asia-Pacific Economic Cooperation- APEC)** के भी सदस्य हैं।

## ब्रेक्ज़िट:

- **परिचय:**
  - **ब्रेक्ज़िट से तात्पर्य ब्रिटेन के यूरोपीय संघ (EU) को छोड़ने के फैसले से है।** वर्ष 2016 में एक जनमत संग्रह के बाद इस देश ने औपचारिक रूप से जनवरी 2020 में यूरोपीय संघ छोड़ दिया।
- **ब्रेक्ज़िट का ब्रिटेन पर प्रभाव:**
  - ब्रेक्ज़िट का ब्रिटेन पर काफी प्रभाव पड़ा, इनमें से कुछ इस प्रकार हैं:
    - यूरोपीय संघ और अन्य देशों के साथ व्यापार नीतियों एवं शुल्कों में परिवर्तन।
    - ब्रिटेन के व्यवसायों की यूरोपीय संघ के बाज़ार में कम पहुँच।
    - यूरोपीय संघ के साथ व्यापार करने वाले यूनाइटेड किंगडम के व्यवसायों पर विनियामक बोझ बढ़ा।

## यूनाइटेड किंगडम के लिये CPTPP के लाभ:

- पनीर, कार, चॉकलेट, मशीनरी, जिन और व्हिस्की जैसे प्रमुख बाज़ारों सहित 99% से अधिक ब्रिटिश निर्यात पर **शून्य टैरिफ** होगा।
- इस सौदे से लंबे समय में ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में सालाना 1.8 अरब पाउंड (2.2 अरब डॉलर) की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे GDP में 0.08% की मामूली वृद्धि होगी।
- **CPTPP** हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिये एक **"प्रवेश द्वार"** है, जो भविष्य में वैश्विक आर्थिक विकास के बहुमत (54%) के लिये ज़िम्मेदार कारक की भूमिका निभाएगा।
- CPTPP के सदस्य के रूप में यूनाइटेड किंगडम के पास समझौते में चीन के प्रवेश पर वीटो होगा। यूनाइटेड किंगडम की फर्मों को सेवाएँ प्रदान करने के लिये एक स्थानीय कार्यालय बनाने या निवासी होने की आवश्यकता नहीं होगी और वे मेज़बान देशों की फर्मों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने में सक्षम होंगी।

## CPTPP पर भारत का रुख:

- **भारत CPTPP में शामिल नहीं** हुआ क्योंकि वह अपने **अन्य भागीदारों की अपेक्षा अधिक श्रम और पर्यावरणीय मानकों को स्थान देना चाहता** है। **CPTPP के मसौदे में निवेश संरक्षण के लिये मानकों पर आधारित** इसकी **विस्तृत योग्यताएँ** मेज़बान देश के विनियमन के अधिकार की रक्षा करने के प्रावधान और पारदर्शिता आवश्यकताओं को लागू करना शामिल है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. 'ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2016)**

1. यह चीन और रूस को छोड़कर प्रशांत महासागर तटीय सभी देशों के मध्य एक समझौता है।
2. यह केवल तटवर्ती सुरक्षा के प्रयोजन से किया गया सामरिक गठबंधन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/u-k-signed-cptpp